

दिनांक

# बैठी बिल्ली बनाओ


बाहर जा कर कुछ फूल और कुछ पत्तियाँ इकट्ठी कर लाओ।



टहनियों से पत्तियों को अलग-अलग करो। फूलों की रंगीन पंखुड़ियाँ भी अलग कर लो। फिर इन सब को अपने सामने जमा लो। जैसा नीचे दिखाया गया है।



क्या तुम इन्हें जोड़-जोड़ कर नई नई चीज़ें बना सकते हो? जैसे, कुछ नये फूल या पत्तियों की बिल्ली और मैना? ज़रूरत हो तो पत्ते को काट या फाड़ भी सकते हो।




**फूल से तरह-तरह की चीज़ें बना कर देखो। इन सब चीज़ों के नाम लिखो।**


खुद पढ़ो


# बर्तनों की दौड़

एक बार मटके ने सीना फुलाकर कहा-





और ऐसे शुरू हुई बर्तनों की दौड़।




मै तुम सब से
आगे हूँ।
हा। हा। हा।


हा
हा
हा
भड़ाम


1
2
3
4
5
6
7
8
9
10
11
12
13
14
15
16
17
18
19
20
21
22
23
24
25
26
27
28
29
30
31
32
33
34
35
36
37
38
39
40
41
42
43
44
45
46
47
48
49

दिनांक

**कौन कहाँ बैठा है**

सामने के चार्ट में कौन-कौन से घरों में कोई चित्र नहीं बना है। नीचे के घरों में वो अंक लिखो।

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | |

इसके बाद इस चार्ट के खाली घरों में फूलों/कीड़ों के चित्र बनाओ

झटपट भरो :-

मुर्गा कहाँ बैठा है? ........................

रेल से चार डिब्बे आगे क्या है? ........................

हाथी से छह डिब्बे पहले क्या है? ........................

25 से 8 घर पहले किसका घर है? ........................

ऐसे और भी सवाल बनाओ और करो।

तुम चार्ट पर पासे से 'कौन पहले पहुंचेगा' वाला खेल खेल सकते हो। कैसे खेलना है, खेल के नियम क्या हों और खेलने के लिए क्या सामग्री चाहिए, यह तुम सब आपस में मिल कर तय करो।

उत्तर खोजो और लिखो :-

3 के घर में शेर रहता है।

16 के घर में ................ रहती है।

...... के घर में गधा रहता है।

15 के घर में ................ और ................ रहते हैं।

....... के घर में ............... और चिड़िया................ .....।

ऐसे भी और सवाल बनाओ और करो।

नीचे की तालिका में जानवरों, पक्षियों और फलों के नाम और उनके डिब्बों की संख्याएं लिखो।

| जानवर | | पक्षी | | फल | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शेर | 3 | तोता | 5 | आम | 4 | | |
| कुत्ता | 6 | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

दिनांक

# कुछ खेल पासे से

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 8 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 4 | 3 | 10 | 7 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 10 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 10 | 3 |
| 7 | 5 | 9 | 0 | 6 | 4 |
| 8 | 0 | 7 | 2 | 9 | 6 |

इस चौकोर में 0 से 10 तक के अंक लिखे हैं। इस पर तुम कई तरह के खेल खेल सकते हो।

## जोड़ का खेल

(दो-तीन या चार दोस्त इसे अपनी-अपनी किताब के चार्ट पर खेल सकते हो।)

1. दो पासे लो। देखो इनकी कितनी सतह हैं? इनकी हर सतह पर 0 से 5 कर के एक-एक अंक लिखो।
2. कोई एक खिलाड़ी दोनों पासों को एक साथ फेंके।
3. कौन-कौन से अंक आए? दोनों को जोड़ लो। जोड़ वाली संख्या को चार्ट पर ढूंढकर उस पर एक कंकड़ रख दो। (मान लो तुम्हारे पासे पर 2 और 5 आए। तो तुम———पर पासा रखोगे।)
4. बारी-बारी से सबको पासे फेंकने का और चार्ट पर जोड़ की संख्या पर कंकड़ रखने का मौका मिलेगा।
5. जो कोई भी गलत संख्या पर कंकड़ रख दे उसकी बारी बेकार चली जाएगी क्योंकि उसे गलत संख्या पर से कंकड़ हटाना पड़ेगा। (जैसे मान लो तुम्हारे पासों पर अंक आए 2 और 5, पर तुमने गलती से 8 पर कंकड़ रख दिया।)
6. जिसका चार्ट पहले भर जाएगा उसकी जीत होगी।
7. बाकी लोग दूसरे और तीसरे नंबर पर आने के लिए अपने-अपने चार्ट भरने तक खेल आगे बढ़ा सकते हैं।

दिनांक

## घटा का खेल

(इसे भी दो-तीन दोस्त अपनी-अपनी किताब के चार्ट पर खेल सकते हैं।)

1. दो पासे लो। एक के हर सतह पर 0 से 5 तक के अंक में से एक-एक अंक लिखो।


2. दूसरे पर 5 से 10 तक के सारे अंक एक-एक करके हर सतह पर लिखो।

3. कोई एक खिलाड़ी दोनों पासे एक साथ फेंको। इन दो संख्याओं में से बड़ी संख्या में से छोटी को घटा लो। (मान लो तुम्हारे दोनों पासों पर 5 आया। तो घटाने पर क्या आया?)

4. उत्तर वाली संख्या को चार्ट में ढूंढकर उस पर कंकड़ रख दो।

5. बाकी सब नियम जोड़ के खेल जैसे ही होंगे।

| 5 से 10 के पासे पर | 0 से 5 के पासे पर | घटा कर |
|---|---|---|
| | | |



## संख्या तक पहुँचो

(इस खेल को या तो दो दोस्त मिलकर खेल सकते हो या ज्यादा लोग हों तो दो टीम बनाकर।)

1. एक खिलाड़ी या एक टीम 1 से 20 के बीच की कोई संख्या बोलेगी। (मान लो तुमने चुना 6)

2. दूसरे खिलाड़ी या टीम को चार्ट में से ऐसी संख्याएँ ढूंढनी हैं जिन्हें आपस में जोड़कर या घटाकर पहली टीम वाली संख्या (6) तक पहुँच सकते हैं।

3. शर्त यह है कि जिन संख्याओं को जोड़कर या घटाकर हम जवाब (6) तक पहुँचेंगे उन्हे चार्ट में पास-पास ही होने चाहिए। चाहे अगल-बगल हों या ऊपर-नीचे या आड़े में, पर पास-पास ही हो।

(इस चार्ट के हिसाब से 6 तक पहुँचने के अलग-अलग रास्ते है –

$5 + 1 = 6$ $7 - 1 = 6$ $9 - 3 = 6$

$10 - 4 = 6$ $8 - 2 = 6$ $6 + 0 = 6$

4 + 2 और 3 + 3 भी 6 होता है पर ये अंक चार्ट में पास-पास नही है। इसलिए इन्हें इस खेल में नही लिख सकते।)

4. हार-जीत का फैसला कैसे करोगे, यह तुम आपस में तय करो।

दिनांक

# हम तो सो रहे थे

कुकड़ूं कूं



हम तो सो रहे थे
हमें मुर्गे ने जगाया
बोला कुकड़ूं कूं कूं कूं

हम तो सो रहे थे
हमें कुत्ते ने जगाया
बोला भौं भौं भौं

हम तो सो रहे थे
हमें बिल्ली ने जगाया
बोली म्याऊं म्याऊं म्याऊं


हम तो सो रहे थे
हमें घंटे ने जगाया
बोला ..............................

हम तो सो रहे थे
हमें ..................................
..........................................

रामगोपाल परदेसी



- अगर बादल ने जगाया तो क्या बोलेगा? घड़ी ने जगाया तो क्या बोलेगी?
- दरवाजे ने, हवा ने, या पत्ते ने जगाया तो क्या बोलेंगे? इस कविता में जगाने वाले नाम जोड़कर आगे बढ़ाओ।
- कक्षा में मिलकर गाओ, और अपनी कॉपी में जगाने वालों का नाम लिखो।



- कविता के लिए चित्र भी बनाओ।